जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
प्रथम तल, विद्युत भवन -2, बेली रोड, पटना – 800 021, दूरभाष :+91-612-250-4980, फैक्स :+91-612-250 4960, ईमेल : info@brlp.in, वेबसाईट : www.brlp.in

पत्रांक: BRLPS/Estt/1421/17/Vol-II/8241 **दिनांक:** 03/02/2021

कार्यालय आदेश

कार्यालय में पदाधिकारियों / कर्मियों को विभागीय कार्य के आलोक में क्षेत्र भ्रमण एवं स्थानीय भ्रमण हेतु वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। समीक्षा के क्रम में यह पाया जाता है कि कुछ पदाधिकारियों / कर्मियों द्वारा उपयोग के उपरांत भ्रमण किये गए किलोमीटर के अनुसार लॉगबुक / डियूटी-स्लीप में भ्रमण किये गये स्थानों की स्पष्ट एवं विस्तृत प्रविष्टि नहीं की जाती है, जिसके कारण लेखा शाखा द्वारा डियूटी-स्लीप एवं वाहन लॉगबुक के किये गये मिलान के उपरांत, कुछ किलोमीटर की कटौती कर दी जाती है, जिससे वाहन प्रदाता एजेंसी को कम भुगतान किया जाता है, साथ ही इस संबंध में आन्तरिक अंकेक्षण दल के द्वारा भी इस पर प्रतिकूल टिप्पणी की जाती है।

अतः सभी पदाधिकारियों / कर्मियों से आशा की जाती है कि वाहन के उपयोग के उपरांत सभी भ्रमण क्षेत्र / भ्रमण स्थान को स्पष्ट एवं विस्तृत रूप से प्रविष्टि अवश्य करेंगे।

3/02/21

(राजीव कुमार सिंह)
प्रशासी पदाधिकारी

सूचना पट्ट

वितरण : सभी पदाधिकारीगण / कर्मचारीगण
संबंधित संचिकाएँ।